# चोरी व नकबजनी के मामले में गैंग की दो और महिला गिरफ्तार

## पुलिस ने पूर्व में तीन आरोपी महिलाओं को किया था गिरफ्तार, महिलाओं ने फैक्ट्री से केबल चुराने सहित अलग-अलग जगहों से कुल 8 चोरियों को अंजाम देना स्वीकारा

**राजसमंद**,(निसं)। शहर में निर्माणाधीन आवासों, दुकानों सहित फैक्ट्रियों एवं अन्य जगहों से लौहे के सामानों की चोरी व नकबजनी के आरोप में राजनगर थाना पुलिस ने महिला गिरोह की दो और महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस द्वारा महिलाओं ने पूछताछ में 8 चोरी व नकबजनी की वरदातों का खुलसा किया गया। राजनगर पुलिस ने इससे पूर्व भी लौहे के सामानों की चोरी व नकबजनी के आरोप में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था। राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि हाल पीपरडा स्थित सिद्धार्थ मार्मो में चौकीदारी का कार्य करने वाले उदयपुर जिले के फतहनगर जवाणा निवासी रोशनलाल उर्फ गोविंद (45) पुत्र रोशनलाल प्रजापत 21 नवम्बर को राजनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वो हमेशा की तरह सिद्धार्थ मार्मो फैक्ट्री में चौकीदारी का कार्य कर रहा था। रात करीब साढ़े 3 बजे के आस-पास फैक्ट्री में डम्पर में रखी करीब एक हजार फीट लम्बी कैबल को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। इस पर कैबल को फैक्ट्री व आस-पास तलाश किया लेकिन नहीं मिली। इसके बाद फैक्ट्री में कार्य करने वाले राजेन्द्रसिंह चतरसिंह को इसकी जानकारी दी। इस पर दौबारा केबल को तलाश किया। वहीं फैक्ट्री में लगे सीसी टीवी कैमरे लगे हुए है जिनकी जांच कर बताया जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन प्रारंभ कर दी। मामले को लेकर एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा के निर्देशन एवं थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया जिसमें सउनि श्यामलाल, शंभूसिंह, हेडकांस्टेबल नाहरसिंह, कांस्टेबल दिनेश, नारायण, महेन्द्र, वीरेन्द्र को शामिल किया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश को लेकर जगह-जगह दबिश दी तथा फैक्ट्री में लगे सीसी टीवी को खंगाला। इस पर सीसी टीवी कैमरे में हाथ लेगे फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने पीपरडा भट्टा निवासी चंदा (30) पत्नी हीरालाल कालबेलिया एवं पूजा (25) पत्नी नारूनाथ कालबेलिया को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार महिलाओं ने फैक्ट्री से केबल चुराने सहित अलग-अलग जगहों से कुल 8 चोरियों को अंजाम देना स्वीकार किया। साथ ही आरोपी महिलाओं ने चोरी का माल सालमपुरा पप्पूसिंह भंगार वाले को बेचना बताया।



राजसमंद में फैक्ट्रियों व गोदामों से लौहे की वस्तुओं को चोरी करने के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई महिला चोर गैंग की दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# गुजरात बॉर्डर पर 50 पेटी शराब पकड़ी, 2 तस्कर गिरफ्तार

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले के गुजरात राज्य की सीमा पर स्थित बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र की रतनपुर चौकी पर पिछले चार दिनों से लगातार अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

इसी के तहत गुरूवार को एक ट्रोले से 50 पेटी अवैध शराब बरामद की। जो कि सोप स्टोन की आड में परिवहन कर गुजरात ले जाई जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने चालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रो के अनुसार मुखबीर से एक ट्रक से गुजरात अवैध शराब तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर उदयपुर.डूंगरपुर की ओर से आने वाले वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इस दौरान एक ट्रोले को रुकवाकर ड्राइवर से पूछताछ की तो सोप स्टोन भरा होना बताया, लेकिन शक होने पर तलाशी ली तो सोप स्टोन के कट्टों के नीचे अंग्रेजी शराब के कार्टन भरे थे।

उन्होंने बताया कि ड्राइवर शराब ले जाने के कोई कागजात नहीं दे सका। इस पर ट्रोले को जब्त कर चौकी पर ले गए और शराब की 50 पेटी बरामद की। पुलिस ने एक्साइज एक्ट में राजेन्द्र उर्फ राजुनाथ योगी और अमर सिंह राणावत निवासी आसींद भीलवाडा को गिरफ्तार कर लिया है। चालक ने बताया कि शराब तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। फिलहाल पुलिस शराब किस जगह से कहां ले जा रहे थेए इस बारे में पूछताछ कर रही है।



पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार किये।

# जानलेवा हमले के आठ माह से फरार 13 अभियुक्त गिरफ्तार



दोवडा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में आरोपी गिरफ्तार किये।

**डूंगरपुर**, (निसं)। दोवडा थाना पुलिस द्वारा जानलेवा प्रकरण के एक मामले का निस्तारण करते हुए आठ माह से फरार चल रहे 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

■ आरोपी विभिन्न राज्यों में गिरफ्तारी से बचने के लिए भाग गये थे

प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 मार्च 2021 को पगारा फला रोडा निवासी सुरेश पुत्र गोमना परमार ने प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी, गांव के 13 अभियुक्तो द्वारा उसके मकान के आंगन में प्रवेश कर मारपीट कर तोड़फोड व चोंटे पहुंचाई थी। घटना के बाद से आरोपी विभिन्न राज्यों में गिरफ्तारी से बचने के लिए भाग गये थे। पुलिस द्वारा आरोपियो की तलाश में जगह जगह दबिश देने के बाद मुखबीर के जरिये मिली पुख्ता सूचना के आधार पर दबिश देकर इस मामले में कमलेश पुत्र रूपसी, मनोहर पुत्र रूपसी, धनपाल पुत्र रूपसी, अरविन्द पुत्र विरेन्द्र, बाबूलाल पुत्र थावरा, जितेन्द्र पुत्र थावरा, राजू पुत्र ईश्वर, लक्ष्मण पुत्र विरेन्द्र, देवीलाल पुत्र विरेन्द्र, दिनेश पुत्र अशोक, राजेंन्द्र पुत्र पप्पु, दिपक पुत्र मुकेश तथा ईश्वर पुत्र खातरा परमार निवासी पगारा फला रोडा को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण का अनुसंधान जारी है।

# तमिलनाडु के प्रधान सचिव सोरसन के जंगल को देखकर प्रफुल्लित हुए

**कोटा**, (निसं)। तमिलनाडु सरकार के प्रधान सचिव वैंकटेश्वर एवं अन्य व अधिकारियों के दल ने गुरूवार को बारां जिले के गोडावण के लिए प्रसिद्ध रहे सोरसन वन क्षेत्र का दौरा किया।

बारां के उप वन संरक्षक बी चेतन कुमार, दीपक गुप्ता के अलावा पर्यटन विभाग के अधिकारी विकास पांड्या तथा संदीप श्रीवास्तव तथा हाड़ौती नेचुरलिस्ट सोसायटी के आरएस तोमर आदि उनके साथ रहे। दल के सदस्य वहां पर कृष्ण मृगों के झुण्ड तथा यूरेशियन वल्चर तथा अनेक प्रवासी पक्षियों की अठखेलियों को देख कर प्रफुल्लित हो गए। इन अधिकारियों ने सोरसन वन क्षेत्र की जैव विविधता को निकटता से देखा और जाना तथा संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। उन्हें प्रस्तावित गोडावण पक्षी प्रजनन केंद्र के बारे में भी बताया गया। उन्होंने जल संरचनाओं की सुंदरता और जलीय जीवों के बारे में भी जानकारी हासिल की।

■ कृष्ण मृगों के झुण्ड तथा यूरेशियन वल्चर तथा अनेक प्रवासी पक्षियों की अठखेलियां देखी



तमिलनाडु सरकार के प्रधान सचिव व दल ने बारां जिले के सोरसन क्षेत्र का दौरा किया।

# 4 दिन से लापता युवक का शव जलसेन तालाब में तैरता मिला

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के चोपड़ा कुआं के समीप निवासी 4 दिन से लापता एक युवक का शव गुरुवार को शहर के जलसेन तालाब में तैरता हुआ मिला।

इस मामले में परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामला दर्ज कराया है। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। शहर के चौपड़ा कुआ निवासी इकराम खान ने बताया कि उसका भाई इरफान पुत्र जहीर गत 22 नवंबर से लापता था। जिसे उन्होंने सब जगह तलाश किया। गुरुवार सुबह लोगों को एक शव जल सेन तालाब में छत्तु घाट के समीप तैरता हुआ दिखाई दिया। युवक के शव को मुन्ना इकराम ने ताल ाब से बाहर निकाला । जहां उसकी शिनाख्त इरफान के रूप में की । सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे।

# अवैध खनिज की तस्करी करते तीन ट्रक जब्त

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले में खनिज विभाग की टीम ने गुरवार सुबह नेशनल हाईवे-8 पर कार्यवाही की। खनिज विभाग की टीम ने बिछीवाडा और सदर थाना क्षेत्र में 3 ट्रक पकडे है। एक ट्रक में फेल्सपार और दो ट्रकों में सोप स्टोन भरा हुआ था। अवैध खनिज की तस्करी कर तीनों ट्रक गुजरात ले जा रहे थे। खनिज विभाग की ओर से तीनों ट्रक पर 3.50 लाख का जुर्माना लगाया है।

माइनिंग अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि हाईवे के रास्ते तीन ट्रक गुजरात की ओर जा रहे हैए जिनमें अवैध खनिज भरा हुआ है। सूचना पर खनिज विभाग की टीम ने नेशनल हाईवे-8 पर बिछीवाडा पंचायत समिति के सामने एक ट्रक को रुकवाया। पूछताछ में ड्राइवर ने फेल्सपार को उदयपुर की ओर से गुजरात के मोरबी ले जाना बताया। ड्राइवर के पास फेल्सपार ले जाने को लेकर कोई कागज नहीं थे। इस पर खनिज विभाग ने ट्रक को जब्त कर बिछीवाडा थाने में खडा करवाया है।

■ साढ़े तीन लाख का लगाया जुर्माना

इसके बाद खनिज विभाग की टीम मोतली मोड पर दो ट्रकों को रुकवाकर ड्राइवर से पूछताछ की तो सोप स्टोन पाउडर भरा होना बताया। खनिज विभाग ने तिरपाल हटाकर तलाशी ली तो सोप स्टोन भरा था। जिसे साबला क्षेत्र से तस्करी कर गुजरात मे निरमा कंपनी को भेज रहे थे। सोप स्टोन ले जाने के कोई कागज नहीं होने से दोनों ट्रक को जब्त कर लिया। दोनों ट्रक सदर थाने में खडे करवाए है। खनन विभाग के अधिकारी ने बताया कि तीनों ट्रकों पर साढ़े तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सांप के डंसने से किसान की मौत

**डूंगरपुर**,(निसं)। जिले के चितरी थाना क्षेत्र में खेतों में गेहूं की फसल को पानी पिलाने गए एक किसान की सांप के डंसने से मौत हो गई।

थानाधिकारी गोविंदसिंह ने बताया कि सांप के डंसने से रूपलाल डामोर मीणा उम्र 42 निवासी भेमई फला नवाघरा की मौत हो गई। बुधवार शाम को वह रूपलाल खेतों में गेहूं की फसल को पानी पिलाने के लिए गया था। इस दौरान किसान रूपलाल को सांप ने डंस लिया।

तबीयत खराब होने से वह नीचे गिर पडा। पास ही खेत में काम करने वाले उसे बाइक पर बैठाकर घर ले आए। रूपलाल ने बेटे लोकेश को बताया कि उसको सांप ने डंस लिया है।

# हरी लकड़ियों की अवैध कटाई को लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये

**खेतड़ी**,(निसं)। हरियाणा के भिवानी जिले के पास सिंघानी गांव में राजस्थान की हरी लकड़ियों से भरी 40 गाड़ियां पकड़े जाने के बाद से खासकर झुंझुनूं जिले के अधिकारियों पर सवाल उठने लगे हैं, इसी बात को लेकर जिला वन अधिकारी आरके हुड्डा एक्शन में आ गए है, गुरुवार को हुड्डा खेतड़ी के एक दिवसीय दौरे पर रहें,जहां पर उन्होंने जसरापुर,चिरानी पपुरना, खरखडा सहित कई गांव का दौरा किया। रात्रि में कार्रवाई करते हुए एक अवैध खनन करती हुई जेसीबी को नालपुर से जप्त किया, वहीं खेतडी वन विभाग के कार्यालय में रेंजर विजय कुमार फगेडिया व विभाग के कर्मचारियों की बैठक लेकर हरी लकड़ियों की अवैध कटाई को लेकर ताबड़तोड़ कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आर के हुड्डा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि जिले में पिछले 3 वर्षों में अब तक हरी लकड़ियों की अवैध कटाई के मामले में 221 प्रकरण दर्ज करवाए हैं,वहीं 23 प्रकरण न्यायालय में चल रहें हैं,साथ ही 16 मामले राजस्थान न्यायालय में लंबित है जो हरियाणा में 40 हरी लकड़ियों से भरी गाड़ियां पकड़ी गई है उसमें से सिर्फ 28 गाड़ियां ही झुंझुनूं जिले की है,बाकी गाड़ियां चूरू व हरियाणा की है जिनमें खेजड़ी, इजरायली बबूल व अन्य प्रजाति की लकड़ियां भरी हुई थी, जो वन क्षेत्र की नहीं थी कृषि क्षेत्र की थी। डीएफओ हुड्डा ने बताया कि राजस्थान वन अधिनियम के तहत हरी लकड़ी का परिवहन पाए जाने पर पुलिस विभाग को राजस्थान वन अधिनियम 1953 के तहत कार्रवाई करने का अधिकार होता है,इसलिए पुलिस को भी वन विभाग के साथ मिलकर कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे अवैध हरी लकड़ियों के कारोबार पर अंकुश लग सकें । डीएफओ आरके हुड्डा ने बताया कि लगातार हो रहे हरि लकडियों की कटाई के मामले में अब राजस्व विभाग व पुलिस के अधिकारियों को भी आगे आना चाहिए क्योंकि अधिकतर लकड़ियां जो काटी जा रही है वह कृषि क्षेत्र की है वन क्षेत्र की नहीं है इसलिए यदि यह दोनों विभाग भी कार्रवाई करें तो पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है और हरी लकड़ियों के अवैध कारोबार पर भी अंकुश लग सकता है।

■ हरियाणा में हरी लकड़ी से भरी एक साथ 40 गाड़ियां पकड़े जाने के बाद डीएफओ एक्शन में

# नहरों में छोड़ा गया पानी बरसाती नाले में व्यर्थ बहा

**मण्डरायल** (निं.सं.)। एक ओर जहां क्षेत्र के किसान सिंचाई के लिए पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं वहीं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते नींदर बांध से सिंचाई के लिए नहरों में छोड़ा गया पानी व्यर्थ ही बरसाती नाले व खेतों में बह रहा है।

किसान राधा रमन सारस्वत, रशीद खान, श्रीपत प्रजापत, ब्रजनंदन शर्मा, निसार खां, भरत माली, मनीष चौधरी आदि ने बताया कि बुधवार बीती रात गोपालपुर माइनर की पाल फिरोजपुर सड़क के समीप टूट गई जिससे रात भर पानी व्यर्थ ही आसपास के खेतों में बहता रहा जिससे आसपास के गांव जलमग्न हो गए। किसानों ने बताया कि सुबह जाकर किसानों ने ही खाली कट्टों में मिट्टी भरकर उस में मिट्टी डालकर नहर की टूटी पाल की मरम्मत की। उन्होंने बताया कि गत सोमवार रात को भी समीप ही नहर की पाल टूटी थी। जिसकी किसानों ने ही मरम्मत की थी लेकिन विभाग का कोई भी अधिकारी कर्मचारी आज तक मौके पर नहीं पहुंचा किसानों ने बताया कि 10-15 दिन पूर्व ही खेतों में गेहूं की फसल की बुवाई की गई लेकिन खेत लबालब पानी से भर जाने से गेहूं व सरसों की फसल नष्ट हो गई ।

इसी प्रकार मण्डरायल-रोधई सड़क के समीप मंगलवार रात मण्डरायल नहर की पाल में एक बड़ा हॉल हो जाने से पानी रात भर बरसाती नाले में बहता रहा किसान गिर्राज पाल, सुरेंद्र सिंह, अजीज खां आदि ने बताया कि बुधवार को किसानों ने मौके पर पहुंचकर व्यर्थ बह रहे पानी की पाल की मरम्मत कर उसे रोकने की कवायद की लेकिन कोई भी विभागीय कार्मिक मौके पर नहीं पहुंचा। उपखंड कार्यालय में गत 11 नवंबर को उप जिला कलेक्टर प्रदीप कुमार चौमाल की अध्यक्षता में नींदर बांध जल वितरण कमेटी व किसानों के साथ आयोजित की गई। बैठक में 17 नवम्बर को नींदर बांध का पानी नहरों में छोड़े जाने का निर्णय लिया गया था। इस दौरान उप जिला कलेक्टर चौमाल ने बैठक में मौजूद जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बांध से पानी छोड़े जाने से पूर्व नहरों की मरम्मत एवं सफाई के निर्देश दिए थे। जिस पर विभाग के अधिकारियों द्वारा नहरों की मरम्मत व सफाई के नाम पर औपचारिकता पूरी कर ली गई एवं 17 नवम्बर को बांध से पानी छोड़ दिया गया।

# दो साल बाद ब्रह्मा मंदिर में प्रसाद चढ़ाना शुरू

**पुष्कर**,(निसं)। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित के आदेश व पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर के एवं स्थानीय पुरोहित,सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर,बैजनाथ पाराशर के प्रयास से ब्रह्मा जी के प्रसाद चढ़ना शुरू कर दिया है।

कई बार नसीम ने आला अधिकारियों से भी मांग की थी कि आस्था के अनुरूप ब्रह्मा मंदिर में प्रसाद चढ़े । नसीम अख्तर ने कलेक्टर ,एसडीएम का आभार प्रगट किया । बुधवार को विश्व हिंदू परिषद ने भी प्रसाद चढ़ाने की मांग की थी ।

कांग्रेस के नेता इंसाफ अली ने बताया कि गुरुवार को अजमेर जिला कलेक्टर से तीर्थ पुरोहितों दुकानदारों की मांग की गई थी कि कोरोना खत्म हो चुका है और सभी मंदिरों में पूजा प्रसाद सामग्री चढ़ रही है इसलिए ब्रह्मा मंदिर पर भी प्रसाद चढ़ाने की अनुमति दी जाए जिसके बाद अजमेर के जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने पुष्कर के एसडीएम को फोन करके तुरंत अवगत कराया और आदेश दिए कि गुरुवार से ब्रह्मा जी के प्रसाद चढ़ाना शुरू कर दिया है।

# सड़क दुर्घटना के घायलों को जीवन देंगे प्राइमरी ट्रोमा सेंटर: परिवहन मंत्री

## दो घंटे की पहली मैराथन बैठक में मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने दिए नवाचारों के सुझाव

**झुंझुनूं**,(निसं)। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने कहा कि विभाग के नाम में सड़क सुरक्षा जोड़ा गया है। इसकी सार्थकता के लिए विभाग लगातार जागरूकता अभियान चलाएगा।

ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न माध्यमों से लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी जायेगी। साथ ही प्रदेश के चिन्हित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्राइमरी ट्रोमा सेंटर में अपग्रेड किया जा रहा है। वहां पर सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तुरंत उपचार से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। इससे वे जीवनदायी बनेंगे। इसके लिए सडक सुरक्षा प्रकोष्ठ से राशि स्वीकृत भी की जा चुकी है। चिकित्सा विभाग के साथ एक बैठक कर जल्द से जल्द उन्हें शुरू कराया जायेगा। मंत्री ओला ने गुरूवार को परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग की पहली समीक्षा बैठक की। दो घंटे की मैराथन बैठक में उन्होंने विभागीय टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्व अर्जन के साथ-साथ हमारा लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं को रोककर हर एक अनमोल जीवन को बचाना है। उन्होने कहा कि विभाग से संबंधित केंद्र सरकार स्तर पर लंबित विभिन्न विषयों का जल्द समाधान किया जायेगा। मंत्री ओला ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहरों के जोनल प्लान तैयार किये जा रहे है। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा राजस्थान रोडवेज की बसों के लिए बस स्टेशन, सीएनजी स्टेशन, ई-व्हीकल्स चार्जिंग स्टेशन के लिए भूमि चिन्हित कर आरक्षित कराने के लिए नगरीय विकास तथा स्वायत्त शासन विभाग से समन्वय किया जायेगा। उन्होंने अधिक से अधिक एंबुलेंस और निजी बसों में लाइव व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम लगवाकर निगरानी कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने कई नवाचारों के लिए भी सुझाव दिये। बैठक में विभाग के प्रमुख शासन सचिव अभय कुमार ने विभागीय कार्यों में तकनीकी पक्ष को और अधिक मजबूत करने के लिए सुझाव दिये। इससे पहले विभाग के आयुक्त महेंद्र सोनी ने विभाग के स्वरूप, कार्यप्रणाली, उपलब्धियों, नवाचारों और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कोविड के समय विभाग द्वारा ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एलएमओ टैंकर से पूरे प्रदेश में ऑक्सीजन की सप्लाई कराने, ई-व्हीकल पॉलिसी, रीट व पटवार परीक्षा में अभ्यार्थियों को निःशुल्क यात्रा कराने, भारी वाहन चालकों के लिए दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग की अनिवार्यता लागू करने जैसे प्रयासों के बारे में बताया। इस मौके पर विभाग के अतिरिक्त परिवहन आयुक्त महेंद्र खींची सहित विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।



परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की पहली समीक्षा बैठक लेकर नवाचारों के सुझाव दिए।

■ राजस्व अर्जन के साथ-साथ हमारा लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं को रोककर हर एक अनमोल जीवन को बचाना है : परिवहन एवं सडक सुरक्षा मंत्री

■ ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी जायेगी